मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर जी"
के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के.
बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर




विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555 9695416555

# जेल गए अक्षत के चेहरे पर नहीं दिखा पछतावा, बहन को बताया बेगुनाह

## बोला- 19 फरवरी की रात पिता ने नशे में पीटा, तान दी थी रायफल, फिर तड़के गुस्से में मार दी थी पिता को गोली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आशियाना सेक्टर-एल में पैथालॉजी संचालक व शराब कारोबारी मानवेंद्र सिंह (49) की हत्या के आरोप में गिरफ्तार उनके बेटे अक्षत को पुलिस ने बुधवार को मीडिया के सामने पेश किया। अक्षत से पूछा गया कि उसने पिता की हत्या क्यों की? काफी देर तक खामोश रहने के बाद अक्षत ने बोला कि गलती से हत्या हो गई थी। जेल जाने से पूर्व उसने आशियाना थाने में पुलिस को बताया कि 19 फरवरी की रात विवाद के समय पापा नशे में थे। गाली-गलौज करते हुए उसे पीटा था। यही नहीं गुस्से में उसपर रायफल तान दी थी। किसी तरह छोटी बहन और मैंने समझाकर शांत कराया। इसके बाद वह बेड पर रायफल रखकर सो गए थे। रातभर जागता रहा। मन में गुस्सा भी था कि पिता की वजह से वर्ष 2017 मां ने जान दी थी। इसी तैश में तड़के रायफल उठाई और गोली मार कर हत्या कर दी। हत्या में बहन या अन्य किसी का कोई दोष नहीं है। पुलिस ने आरोपी को बुधवार को सीजेएम कोर्ट में भी पेश किया। सीजेएम कोर्ट ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

- पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में किया पेश, भेजा गया जेल

### ये सामान बरामद

- आरोपी के पास और निशानदेही से एक रायफल, तीन खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, कारतूस की पेटी, सूती कपड़ा सादा खून के धब्बे लगे, दो आरी ब्लेड, नीला ड्रम, दो चाकू, एक रजाई खून लगी हुई, एक कालीन, दो चादर, एक पोटली कपड़े व बुलेट का टुकड़ा बरामद किया है।

पिता की हत्या करने के बाद भी आरोपी अक्षत के चेहरे पर कोई पछतावा नहीं दिखा। वह सामान्य नजर आया। ऐसा लग रहा था कि जैसे उसने कोई अपराध ही नहीं किया। पूछताछ में भी उसने पुलिस को पूरी कहानी खुलकर बता दी। बुधवार को जब उसे पुलिस कोर्ट लेकर जा रही थी, तब भी आरोपी के व्यवहार में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला। एसीपी कैंट अभय प्रताप मल्ल ने बताया कि कई बार अक्षत से इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह व पुलिस टीम ने पूछताछ की।


पिता की हत्या के आरोपी पुत्र अक्षत को कोर्ट में पेश करने के लिए ले जाते पुलिसकर्मी।

पूछताछ में अक्षत ने पुरानी बात फिर दोहराई। बोला कि पापा डॉक्टर बनने का दबाव बना रहे थे। दो बार अक्षत ने नीट भी दिया था, लेकिन असफल रहा था। इसके बाद भी पिता उसपर लगातार परीक्षा की तैयारी करने के लिए कह रहे थे। वह इसके लिए तैयार नहीं था। क्योंकि उसका पढ़ाई में मन नहीं लग रहा था। वह तैयारी नहीं करना चाह रहा था। पापा इस बात से नाराज रहते थे और आए दिन गाली-गलौज व मारपीट करते थे। 19 फरवरी की देर रात में पिता-पुत्र में इसी बात को लेकर बहस हुई थी। इससे नाराज होकर अक्षत ने 20 फरवरी को तड़के पिता के सिर में लाइसेंसी रायफल से गोली मार दी थी। बुधवार को आरोपी से ये भी पूछा गया कि पूरे घटनाक्रम में उसकी बहन कृति की क्या भूमिका है? जवाब में सिर हिलाते हुए अक्षत ने बताया कि उसकी बहन की कोई गलती नहीं है।

पिता की हत्या के बाद उसने बहन कृति को डरा धमकाकर कमरे में बंद कर दिया था। कहा था कि अगर उसने कहीं किसी से मुंह खोला तो वह उसे भी इसी तरह मार देगा। पिता की हत्या के बाद उसने ब्लिंकिट से ऑनलाइन दो चाकू मंगवाई थी। 20 फरवरी को दिन में जब बहन परीक्षा देने चली गई तो वह भी बाहर निकला। आरी और ड्रम खरीदकर लाया। पिता के हाथ पैर काटे। शरीर के कटे हुए अंग बरामद कर लिए गए हैं।

### नादरगंज में फेंके थे काटे गए अंग

- अक्षत ने पुलिस को बताया कि उसने पिता के हाथ और पैर काटकर उसे पॉलिथीन में भरा था। इसके बाद नादरगंज इलाके में नहर किनारे झाड़ियों में फेंक दिया था। धड़ को नीले ड्रम में भरकर घर में छिपाकर रखा था। पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपी ने खुद पिता की गुमशुदगी की फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी ने ट्रांसपोर्टनगर रेलवे ट्रैक के पास कूड़े में दो चाकू और आरी फेंक दी थी। उसके बाद अनौरा के जंगल में जाकर चादर और बिस्तर जला दिया था।

### भतीजे ने दी मुखाग्नि

- पोस्टमार्टम हाउस से बुधवार सुबह परिजन मानवेंद्र का शव लेकर आशियाना स्थित घर पहुंचे। वहां शव कुछ देर रोका गया। परिजन और रिश्तेदार बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इसके बाद शव वीआईपी रोड स्थित बैकुंठ धाम लाया गया। यहां भतीजे कृत प्रताप सिंह ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार में मानवेंद्र के पिता नहीं शामिल हुए। घरवालों ने बताया कि उनके यहां पिता न तो बेटे की अर्थी को कंधा देते हैं और न ही अंत्येष्टि में शामिल होते हैं।

### जेल जाने से पहले बहन से बोला, अपना ख्याल रखना

- जेल जाने से पहले आरोपी अक्षत ने पुलिस से कहा कि एक बार छोटी बहन से मिला दीजिए। आशियाना पुलिस परीक्षा देकर स्कूल से लौटी उसकी बहन को करीब 12 बजे थाने लेकर पहुंची। पुलिस ने घटना के संबंध में बहन से पूछताछ की। उसने बताया कि पिता की हत्या के बाद भाई ने उसे डराया धमकाया था। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे अक्षत से मिलवाया। अक्षत ने बहन से कहा कि अपना ख्याल रखना। यह सुनते ही बहन भी रोने लगी।

### कौन है वो महिला, जो बनी झगड़े की वजह

- मोहल्ले तमाम तरह की चर्चाएं हो रही हैं। चर्चा है कि आखिरकार वह महिला कौन है जिससे मानवेंद्र की करीबी थी? क्या वही महिला हत्या की वजह थी? चर्चा है कि उसी महिला को लेकर पिता-पुत्र में झगड़ा होता था। पुलिस का कहना है कि जांच अभी जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### राधा स्वामी सत्संग के चलते एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव से खुशी

**अमृत विचार, मोहनलालगंज:** मोहनलालगंज स्थित राधा स्वामी सत्संग व्यास परिसर में प्रस्तावित दो दिवसीय प्रवचन कार्यक्रम के मद्देनजर प्रशासन ने कई एक्सप्रेस ट्रेनों के मोहनलालगंज स्टेशन पर एक सप्ताह के लिए अस्थायी ठहराव की अनुमति दी है। श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए लिया गया यह निर्णय क्षेत्र के लोगों के लिए राहतभरा साबित हुआ है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वर्षों से एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग की जा रही थी, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही थी। अब धार्मिक आयोजन के कारण यह सुविधा मिलना लोगों के लिए खुशी का विषय है। ग्रामीणों ने हल्के व्यंग्य में कहा कि यदि ऐसे आयोजन होते रहें तो कम से कम ट्रेनों का ठहराव तो सुनिश्चित रहेगा।

### हालात के मद्देनजर बेटा मां को दे सकता जकात

**अमृत विचार, लखनऊ:** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज्मा सैयद सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर रोजेदारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए। हेल्पलाइन पर एक रोजेदार ने पूछा कि रोजे की हालत में नाक में पानी डालने और कुल्ली करने से क्या रोजा टूट जाएगा? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि वुजू से पहले नाक में पानी डालने और कुल्ली करने से रोजा नहीं टूटेगा। हेल्पलाइन पर सवाल आया कि एक शख्स ने रमजान में सभी रोजे रखने की नीयत की थी लेकिन अचानक वह बीमार हो गया। उस मरीज के लिए क्या हुक्म है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि क्योंकि बीमारी इत्तेफाकन है, लिहाजा वह रोजा छोड़ देगा और फिदया देगा। एक रोजेदार ने पूछा कि क्या कोई बेटा अपनी मां को जकात दे सकता है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि बेटे पर फर्ज है कि वह अपने वालिदैन का मुकम्मल ख्याल रखे, हालांकि जकात दी जा सकती है।

# मांझे से डॉक्टर की नाक-आंख कटी और किशोरी का हाथ

## चरक चौराहा ओवरब्रिज और डीएवी ओवरब्रिज पर दोपहिया वाहन चालकों के साथ हादसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट द्वारा प्रतिबंध और सीएम योगी आदित्यनाथ के एक्शन के बाद भी राजधानी में मांझे से होने वाले हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। चरक ओवरब्रिज पर बुधवार सुबह ड्यूटी पर जा रहे केजीएमयू के जूनियर रेजिडेंट के चेहरे पर चाइनीज मांझा फंस गया। ब्रेक मारा लेकिन तब तक मांझे की धार से आंख और नाक पर कट लग गया। खून से लथपथ डॉक्टर केजीएमयू पहुंचे और इलाज कराया। वहीं, डीएवी ओवरब्रिज पर मांझे से स्कूटी सवार किशोरी घायल हो गयी।

मूल रूप से जौनपुर निवासी जूनियर रेजिडेंट दीपक गुप्ता केजीएमयू के कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग में हैं। वह यहां डालीगंज के नबी उल्लाह रोड जवाहर नगर कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं। डॉ. दीपक की ड्यूटी सरोजनीनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगी थी। बुधवार सुबह वे नक्खास ओवर ब्रिज से सरोजनीनगर जा रहे थे। जैसे ही वे चरक ओवरब्रिज के ऊपर पहुंचे,


घायल केजीएमयू का रेजीडेंट डॉक्टर।


हाथ की चोट पर कपड़ा बांधे किशोरी।

तभी एक मांझा उनके मुंह पर आ गया। हेल्मेट पहने दीपक ने मांझा देख ब्रेक मारा, जिससे बाइक स्लिप हुई। लेकिन वे गिरने से बच बए। हेल्मेट उतारा तो नाक और आंख के पास मांझे की धार से वे खून से लथपथ हो गए।

घटना देख राहगीर मदद के लिए दौड़े। मुंह पर रूमाल लपेटकर किसी तरह वे केजीएमयू पहुंचे और इलाज कराया। केजीएमयू के सीएमएस डा. प्रेमराज सिंह ने बताया कि मांझे से जूनियर रेजिडेंट दीपक गुप्ता घायल हुए थे। उनका इलाज किया गया है। वहीं, चौक इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने घटना की जानकारी से इंकार किया है। उनका कहना है कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, डीएवी कॉलेज के पास वाले ओवरब्रिज पर बुधवार दोपहर स्कूटी से मां संग जा रही किशोरी मांझे से घायल हो गई। बताया जा रहा है कि मांझा सीधा उसके गले पर आ रहा था। सूझबूझ दिखाते हुए उसने हाथ से उसे हटाने की कोशिश किया। इस कोशिश में उसके हाथ पर गहरा जख्म लग गया। राहगीरों ने हाथ में कपड़ा लपेटा। जिसके बाद परिजन उसे लेकर अस्पताल चले गए।

### पहले भी हुए हैं हादसे

- 22 फरवरी : हसनगंज रामाधीन इंटर कॉलेज के पास मांझे से कटा युवक का गला।
- 14 फरवरी : हुसैनगंज ओवरब्रिज पर पत्नी व बेटी संग जा रहे मो. मुशर्रफ की गर्दन कटी।
- 13 फरवरी : कैंट में ध्रुव नारायण पांडेय कैंट इलाके में मांझे से घायल हुए।
- 8 फरवरी : ठाकुरगंज में मांझे से पोर्टर गुड्डू की नाक कटी।
- 8 फरवरी : नाका फ्लाईओवर पर मांझे की चपेट में आने के मुकेश की भौं कटी।
- 8 फरवरी : हीवेट रोड पर मांझे से छात्र आकिब घायल।
- 7 फरवरी : ठाकुरगंज में मांझे ने रेती विमलेश तिवारी की नाक।
- 4 फरवरी : हैदरगंज ओवरब्रिज पर गर्दन कटने से मोहम्मद शोएब (33) की मौत।
- 5 फरवरी : चौक में मांझे से हाईस्कूल छात्र नजम खान की गर्दन कटी।
- 5 फरवरी : शहीद पथ इकाना हॉस्पिटल के पास चाइनीज मांझे से रिटायर्ड सैन्यकर्मी बृजेश राय का चेहरा कटा।
- 5 फरवरी : गोमतीनगर विस्तार में बिजली विभाग के कर्मचारी सुधीर कुमार चाइनीज मांझे से घायल।


हुसैनाबाद में बनाए गए लखनऊ म्यूजियम ऑफ हेरिटेज एंड आर्ट का निरीक्षण करते लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार।

# म्यूजियम में दिखेगी अवध की संस्कृति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण का हुसैनाबाद में बनकर तैयार हुआ लखनऊ म्यूजियम ऑफ हेरिटेज एंड आर्ट पहली मार्च को लोकार्पण के बाद आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। 4973 वर्गमीटर क्षेत्रफल में म्यूजियम अवध की संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा। यह प्रदेश की पहली ऐसी आईकॉनिक बिल्डिंग है, जहां बिना किसी कॉलम या पिलर के सहारे 45 मीटर लंबा कैंटीलीवर निर्मित किया है। जो दर्शकों को खास आकर्षित करेगा।

बुधवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने नवनिर्मित म्यूजियम का निरीक्षण किया। संग्रहालय की संरचना, प्रदर्शनी दीर्घाओं और पर्यटक सुविधाओं का जायजा लिया। 41.43 करोड़ रुपये लागत आई है। म्यूजियम लखनऊ की समृद्ध विरासत, कला, शिल्प परंपरा को संरक्षित करते हुए नई पीढ़ी से जोड़ने का काम करेगा। साथ ही स्थानीय कारीगरों और हस्तशिल्प को प्रोत्साहन देकर क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

- पहली मार्च को होगा लखनऊ म्यूजियम ऑफ हेरिटेज एंड आर्ट का लोकार्पण


**इतिहास से जोड़ेगा वीआर गेमिंग एरीना :** एलडीए ने म्यूजियम में अवध की ऐतिहासिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत किया है। म्यूजियम में विभिन्न तरह की गैलरी विकसित की है। इनके नाम 'मूल धारा, हुनर का सफर, हस्तशिल्प, सांझी आस्था, गंगा-जमुनी तहजीब, कारीगरी, महफिल-ए-अवध, नृत्यकला, नाट्यशाला, सोच एवं संवाद और जायका-ए-अवध रखे हैं। इन गैलरी के माध्यम से अवध की संस्कृति को जीवंत रूप में दर्शाया जाएगा। म्यूजियम में वीआर गेमिंग एरीना भी बनाया गया है, जो दर्शकों को इतिहास से जोड़ने का नया अनुभव देगा।

# मोहनलालगंज सांसद लोकसभा में उठाएंगे पेंशन बढ़ोतरी का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मंडल राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर के नेतृत्व में बुधवार को मोहनलालगंज के सांसद आरके चौधरी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में प्रांतीय महामंत्री राजशेखर नागर, प्रांतीय कोषाध्यक्ष दिलीप पांडे, स्टेफ्को के सुदीप जैन सहित कई पेंशनर शामिल रहे।

पेंशनरों ने सांसद को चल रहे पेंशन आंदोलन और अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही 9 मार्च को जंतर मंतर, नई दिल्ली में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया। सांसद आरके चौधरी ने पेंशनरों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए प्रधानमंत्री और श्रम मंत्री को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने आश्वासन दिया कि पेंशन वृद्धि का मुद्दा लोकसभा में प्रमुखता से उठाया जाएगा। साथ ही 9 मार्च को जंतर मंतर पर आयोजित आंदोलन में स्वयं भाग लेने और अपनी पार्टी की ओर से पेंशन आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद के सकारात्मक रुख पर आभार जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि सरकार जल्द ही पेंशनरों की मांगों पर ठोस निर्णय लेगी।


सांसद आरके चौधरी से मिलते ईपीएस 95 संघर्ष समिति के सदस्य। अमृत विचार

- ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल मोहनलालगंज सांसद से मिला

# व्यापारी सोच बड़ी कर निर्यात करें : सतीश कुमार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वदेशी जागरण मंच एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वदेशी व्यापारी जुटान ऐशबाग रोड स्थित होटल स्काई हाई में आयोजित किया गया। स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सहसंगठक सतीश कुमार ने कहा कि स्वदेशी के द्वारा ही भारत फिर से सोने की चिड़िया बनेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी सोच बड़ी कर निर्यात करें।

स्वदेशी उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देकर हम भारत को विश्व गुरु बनाएंगे। आज भारत की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था में स्वदेशी उद्योगों का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि जब तक स्वदेशी व्यापार की बाधाएं दूर नहीं होंगी तब तक बहुत तेजी नहीं आ पाएगी, इसलिए खुदरा व्यापारी और लघु उद्यमी की समस्त समस्याओं का समाधान इस स्वदेशी व्यापारी जुटान का उद्देश्य है।

जुटान को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि खुदरा व्यवसाय में आने वाली तमाम समस्याओं का समाधान ही एकमात्र उपाय है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर नियंत्रण के लिए एक नीति बनाई जाए।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी ने बताया कि इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के पूर्वी उप्र. के संयोजक अनुपम श्रीवास्तव, अवध प्रांत के संयोजक अमित सिंह, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, लखनऊ के महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, अश्वन वर्मा, आकाश गौतम, राजीव कक्कड़, अनुज गौतम, दीपेश गुप्ता, मुकेश कुमार नाग, अमरनाथ चौधरी, विनय अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, अरविंद मित्तल, सोशल मीडिया प्रभारी संजय निधि अग्रवाल, महिला अध्यक्ष अनीता जायसवाल, महिला महामंत्री एकता अग्रवाल, मनीष अवस्थी, कामेन सिंह, बलजीत सिंह मोदी, अनूप गुप्ता, डॉ सुनीत मिश्रा, आईआईए के चेयरमैन विकास खन्ना सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

परंपरा | माल के अटेर गांव में प्रतिदिन फगुआ कार्यक्रम का किया जा रहा आयोजन

# डीजे के दौर में अभी भी कायम फाग गायन की परंपरा

माल, संवाददाता

**अमृत विचार:** रंगों के त्योहार होली का असली आनंद ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिलता है। जब गांवों में पारंपरिक फगुआ गीतों की धुन गूंजती है, तो माहौल पूरी तरह रंगीन हो जाता है। इसी परंपरा को जीवंत बनाए रखने के लिए माल के अटेर गांव में प्रतिदिन भव्य फगुआ कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर गांव के सैकड़ों ग्रामीण एकत्र होकर पारंपरिक होली गीतों का आनंद लेते हैं।

बदलते परिवेश में बहुत कुछ बदलाव दिख रहा है, पर अटेर गांव में आज भी पूर्वजों से चली रही आ रही परंपरा जीवित है। यहां के फाग गायन के साथ होली खेलने की परंपरा कायम है। होली के दो सप्ताह पहले से ही युवाओं की टोली घर घर जाकर फाग गाते हैं। पूरी टीम ढोलक और झाल के साथ होली की पारंपिरक गीत गाते हैं। होली होली के गीत सुनने को लेकर लोगों की भीड़ लगी रहती है।

### युवाओं को बुजुर्गों का मिलता है सहयोग

गांव के रहने वाले राजू मिश्रा ने बताया कि फाग गाने के लिए युवाओं की सहभागिता अधिक रहती है, इसमें बुजुर्गों का भी सहयोग रहता है। स्थानीय बुजुर्ग अपनी देखरेख में फाग गायन का कार्यक्रम आयोजित कराते हैं। फुहर गीतों पर पूरी तरह नियंत्रण रहता है। बिरजू चौरसिया ने कहा कि यहां पारंपरिक गायन की परंपरा आज भी कायम है। आधुनिकता के युग में भले हीं होली का रंग फीका होता जा रहा है, लेकिन अटेर गांव में यह आज भी जीवंत है। मुकेश पांडेय ने कहा कि विलुप्त होती पारंपरिक फगुआ गायन परंपरा को पुनर्जीवित करना है। ग्रामीण अंचलों में होली का विशेष महत्व होता है, और फगुआ गीतों के बिना इसकी कल्पना अधूरी मानी जाती है। आज के फाग के गायन के दौरान शुभम पांडेय, स्वदेश यादव भी मौजूद रहे।


ढोलक-मंजीरे के साथ फगुआ गाते ग्रामीण। अमृत विचार

# नाटक में मनोवृत्ति का शानदार विश्लेषण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** श्री रंग कला सेवा संस्थान की ओर से बुधवार की शाम को राय उमानाथ बलि प्रेक्षागृह में नाटक गिद्ध और फुटपाथ का सम्राट का मंचन किया गया। विजय तेंदुलकर द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन रुचिका ने किया।

नाटक गिद्ध ऐसे अभिशप्त इंसानों की कहानी है जो अपनी गिद्ध मनोवृत्ति में आपाद-मस्तक लिप्त हैं। या यों समझिए में इंसानी लिबास पहने वे सब के सब शापभ्रष्ट गिद्ध हैं। कहानी एक ऐसे ही घर की है जहा रमाकांत और उमाकांत गिद्ध-दृष्टि से अपने पापा की दौलत को देखते हैं और उम्मीद करते हैं कि कब वह मारें और सारी दौलत उनकी हो जाए। वो दौलत पाने के नशे में इतने लीन हो जाते है कि आपस के रिश्ते और रिश्तेदारों को नोचना शुरू कर देते हैं।


'फुटपाथ का सम्राट' नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

दूसरे नाटक में फुटपाथ पर जिंदगी गुज़ार रहे लोगों की आप बीती, उनकी ख्वाहिशें और उनका दर्द बहुत ही अच्छे तरीके से पेश किया गया। इस नाटक का पात्र शाहिर, तुक्या जो कि एक बहुत अच्छे दोस्त हैं और दोनों ही एक साथ फुटपाथ पर अपनी जिंदगी काट रहे हैं। नाटककार ने फुटपाथ की सारी स्थिति और कठिनाइयों को दशार्ते हुए समाज में यह संदेश देने की कोशिश की है कि जिसको जीवन में जो मिलता है वह उतना काफी है। नाटक में आदर्श तिवारी, राहुल मिश्रा, एकता सिंह और मुस्कान सोनी ने सराहनीय भूमिकाएं निभाईं। नाटक फुटपाथ का सम्राट में शाहिर का किरदार आदर्श, सुंदरी बनी एकता और तुक्या का रूप प्रमोद सहाय ने निभाया।

न्यूज ब्रीफ

### ट्रक से टकराकर बाइक सवार की मौत

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** खलीलाबाद–धनघटा मार्ग पर घोरही गांव के पास बुधवार की देर रात ट्रक से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान मानस श्रीवास्तव (26) पुत्र स्व. बाबूलाल श्रीवास्तव निवासी सतहरा थाना महुली के रूप में हुई है। युवक किसी काम से जा रहा था, तभी अनियंत्रित होकर ट्रक से भिड़ गया। थानाध्यक्ष महुली दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि घोरही–विश्वनाथपुर गांव के पास घटना घटित हुई है। बाइक सवार खड़े ट्रक में अनियंत्रित होकर भीड़ गया। गंभीर चोटें पहुंचने से उसकी मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भारतीय मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री, श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी राविद्र श्रीवास्तव को सौंपा। ज्ञापन में श्रमिकों की समस्याओं से संबंधित 18 सूत्री मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। जिलाध्यक्ष समरेंद्र प्रताप सिंह, जिलामंत्री आशुतोष यादव ने बताया कि ये मांगें संघ के 21वें अखिल भारतीय त्रिवार्षिक अधिवेशन में पारित प्रस्तावों पर आधारित हैं। संघ ने सभी क्षेत्रों में श्रम कानूनों को बिना किसी छूट के लागू करने की मांग की है। साथ ही इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड 2020 और ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन कोड 2020 में व्याप्त श्रमिक समस्याओं के समाधान पर जोर दिया गया है। त्रिपक्षीय तंत्र के पुनर्गठन तथा इंडियन लेबर कॉन्फ्रेंस को शीघ्र आहूत करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।

# सांप्रदायिक तनाव या अफवाह को सख्ती से दबाएं

## मंडलायुक्त व पुलिस उपमहानिरीक्षक ने आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने को दिए निर्देश

संवाददाता कुशीनगर



समीक्षा बैठक करते मंडलायुक्त गोरखपुर व अपर पुलिस महा निरीक्षक गोरखपुर, डीएम कुशीनगर व एसपी कुशीनगर।

**अमृत विचारः** मंडलायुक्त गोरखपुर व पुलिस उपमहानिरीक्षक गोरखपुर ने आगामी होली, रमजान एवं ईद-उल-फितर त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जनपद में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की।

पुलिस लाइन में बुधवार को पहुंचे मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा एवं पुलिस उप महा निरीक्षक एस चनप्पा ने जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में बैठक की। बैठक में एसपी कुशीनगर ने सुरक्षा योजनाओं का प्रस्तुतिकरण किया। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि जनपद में किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक तनाव या अफवाह को तत्काल दबाने के लिए सख्ती से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सभी थाना क्षेत्रों में संवेदनशील मोहल्लों, मंदिरों, मस्जिदों, ईदगाहों एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए। होली के रंग खेलने, रमजान की तरावीह, नमाज तथा ईद की नमाज के दौरान पर्याप्त पुलिस बल, पीएसी, क्यूआरटी टीम एवं होमगार्ड की तैनाती की जाए। संवेदनशील स्थानों पर स्थाई पिकेट एवं पेट्रोलिंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। त्योहारों के दौरान मुख्य मार्गों, बाजारों एवं धार्मिक स्थलों के आसपास पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था का सख्ती से पालन कराया जाए। अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित करने हेतु बैरिकेडिंग एवं डायवर्सन की पूर्व योजना तैयार की जाए। अधिकारियों ने जनपदवासियों से अपील किया है कि वे त्यौहारों को भाईचारे के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा पुलिस को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत निकटतम पुलिस स्टेशन या कंट्रोल रूम (112) पर सूचना दें। एसपी केशव कुमार ने सभी पुलिस अधिकारियों से कहा कि त्योहार पूर्ण रूप से सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हों। इसके लिए कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कुशीनगर पुलिस समस्त जनता की सुरक्षा एवं सौहार्द के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर सहित समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थाना प्रभारी, निरीक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीसीटीवी से हर समय हो मॉनीटरिंग

मंडलायुक्त ने कहा कि सीसीटीवी एवं आधुनिक निगरानी के लिए सभी थाना क्षेत्रों के सीसीटीवी का हर समय मॉनिटरिंग सुनिश्चित किया जाए। ड्रोन के माध्यम से भीड़ भाड़ वाले स्थानों की निगरानी की जाए। असामाजिक तत्वों पर सख्त नजर हेतु जिला एवं थाना स्तर पर तैयार की गई संदिग्धों की सूची के आधार पर निरंतर चेकिंग एवं निगरानी रखी जाए। कोई भी व्यक्ति कानून–व्यवस्था भंग करने का प्रयास करे तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। लाउडस्पीकर एवं ध्वनि प्रदूषण पर रोकथाम हेतु सभी धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर का उपयोग निर्धारित समय एवं निर्धारित ध्वनि स्तर तक सीमित रखा जाए। उल्लंघन पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

## बसपा सरकार की योजनाओं की जनता को दें जानकारी : इन्द्रजीत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर बसपा सरकार में किये गये जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करें। उक्त बातें बसपा मण्डल प्रभारी इन्द्रजीत गौतम ने कही। उन्होंने इटवा विधानसभा के बरगदवा सेक्टर के बूथ स 179 पुरैना में बूथ गठन के दौरान उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आने वाला दिन बसपा का है, कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत से काम करें। इस दौरान बसपा जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से परेशान हैं। महंगाई चरम पर है और आम आदमी खासकर महिला सुरक्षित नहीं है। पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने कहा कि देश प्रदेश में खुशहाली लाना है। सभी धर्म का सम्मान केवल बसपा की सरकार में हो सकता है। जनता अब आशा भरी निगाहों से बसपा कि तरफ देख रही है। बैठक के दौरान जिला महासचिव संजय शर्मा, जिला सचिव प्रिन्स अम्बेडकर, विधानसभा अध्यक्ष राधेश्याम गौतम सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बालक की हत्या से पहले हुआ था कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचारः** जटहां बाजार थाना क्षेत्र के हिरनही में रविवार रात तिलक समारोह देखने गए 7 वर्षीय बच्चे की हत्या से पहले कुकर्म किया गया था, जिसका खुलासा उसके शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार मुंह दबाकर उसकी हत्या की गई थी। हत्या के खुलासे के लिए अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा के नेतृत्व में सीओ सहित पुलिस की कई टीमें लगायी गयी थी।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त पिंटू उर्फ कोयल (22) ने पूछताछ के दौरान बताया कि अभियुक्त की पत्नी काफी दिनो से मायके में रह रही थी। मृतक अंकुश (7) वर्ष उसके परिवार का ही लड़का था, इसी बात का फायदा उठाते हुये अभियुक्त ने उसे पैसे आदि का लालच देकर घटनास्थल पर ले गया और अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। इस दौरान अभियुक्त ने अपने बनियान से बालक का मुंह व नाक दबाकर हत्या कर दी और शव को थोड़ी दूर खैरा माई स्थान के पास बखार में छिपा दिया था। पंजीकृत अभियोग में मु0अ0सं0 20/2026 धारा 103(1),338(a) बीएनएस बढोत्तरी धारा 5(j)(iv)/6 व 5M/6 पाक्सो एक्ट थाना जटहां बाजार जनपद कुशीनगर पर दर्ज किया गया।

## कमरे में युवती का शव लटकता मिला

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** धनघटा थाना क्षेत्र के घोरांग में बुधवार को एक युवती का शव घर के कमरे में छत की कुंडी से फंदे के सहारे लटकता मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। गांव निवासी 21 वर्षीय अन्नू पुत्री रामभजन बुधवार सुबह घर पर अकेली थी, जबकि परिवार के अन्य सदस्य खेत पर काम करने गए थे। दोपहर करीब 11 बजे जब परिजन वापस लौटे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। अनहोनी की आशंका पर परिजनों ने किसी तरह दरवाजा खोला। दरवाजा खुलते ही कमरे के अंदर युवती का शव लटकता मिला।

# ब्लॉक कर्मियों ने विकास भवन पर जड़ा ताला

जिला संवाददाता, संतकबीरनगर




विकास भवन के मुख्य द्वार पर ताला बंदकर प्रदर्शन करते ब्लॉक कर्मी व अधिकारी।

**अमृत विचार :** भाजपा मंडल अध्यक्ष पौली पर एफआईआर दर्ज न होने से नाराज ब्लॉक कर्मियों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। कार्रवाई की मांग को लेकर अधिकारियों, पंचायत सचिवों और कर्मचारियों ने विकास भवन के मुख्य द्वार पर ताला जड़कर प्रदर्शन किया और कामकाज बंद कर नारेबाजी की। आरोप लगाया कि अधिकारियों द्वारा समझौते का दबाव बनाया जा रहा है।

पौली ब्लॉक कार्यालय में मंगलवार को खंड विकास अधिकारी श्वेता वर्मा, पंचायत सचिव रमाकांत और भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह के बीच तीखी नोंकझोंक हुई थी। बीडीओ श्वेता वर्मा ने अभद्रता का आरोप लगाते हुए धनघटा थाने में तहरीर देकर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। देर शाम तक दोनों पक्षों में समझौते की चर्चा चलती रही। घटना की सूचना पर एसडीएम धनघटा डॉ. सुनील कुमार और सीओ अभय नाथ मिश्रा मौके पर पहुंचे थे। लेकिन, बीडीओ और पंचायत सचिव मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़े रहे और उन्होंने देर रात जिलाधिकारी आलोक कुमार से भी मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। डीएम ने उचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया था, लेकिन 24 घंटे बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं होने से कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ गया। बुधवार को विभिन्न ब्लॉकों के कर्मचारी खलीलाबाद में एकजुट हुए और वहां से विकास भवन पहुंचकर पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष क्षितिज चौधरी और एडीओ पंचायत अनिल सिंह के नेतृत्व में तालाबंदी कर दी। प्रदर्शन के कारण विकास भवन का कामकाज काफी देर तक प्रभावित रहा। जिलाध्यक्ष क्षितिज चौधरी ने कहा कि जब तक भाजपा मंडल अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष से जुड़े होने के कारण अधिकारियों द्वारा समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। वहीं एडीओ पंचायत अनिल सिंह ने बताया कि सभी ब्लॉकों में क्रमिक आंदोलन शुरू कर दिया गया है और कार्रवाई तक विरोध जारी रहेगा।

# 400 फेरों में चलाई जा रहीं 80 होली विशेष ट्रेनें

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से देश के महानगरों एवं अन्य प्रमुख नगरों के लिये यात्रा करने वाले आरम्भिक यात्रियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये, रिकॉर्ड संख्या में होली विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

ये ट्रेनें पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से अम्बाला, अमृतसर, चंडीगढ़, कोलकाता, सियालदह, धनबाद, आसनसोल, नई दिल्ली, हैदराबाद, पुणे, मुम्बई, गोंदिया, पुरी, राजकोट, वलसाड, वडोदरा, गुवाहाटी, राँची, श्री गंगानगर, जयपुर, जोधपुर आदि नगरों हेतु चलाई जा रही हैं। होली पर्व के उपरान्त यात्रियों को उनके गंतव्य तक वापसी हेतु बढ़ती मांग को देखते हुये पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से देश के महानगरों एवं अन्य प्रमुख नगरों के लिये 54 होली विशेष ट्रेनें 250 फेरों में चलाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर देश के प्रमुख नगरों के लिये 26 होली विशेष ट्रेनें 150 फेरों में चलाई जा रही हैं। इस प्रकार, पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से/होकर कुल 80 होली विशेष ट्रेनें 400 फेरों में चलाई जा रही हैं।

### स्टेशन पर दो मिनट का दिया गया ठहराव

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मण्डल केडाबला स्टेशन पर 15092/15091 टनकपुर–दौराई–टनकपुर एक्सप्रेस का प्रायोगिक आधार पर दो मिनट का ठहराव प्रदान किया जायेगा। दौराई से 26 फरवरी से चलने वाली 15091 दौराई–टनकपुर एक्सप्रेस डाबला स्टेशन पर 19 .53 बजे पहुंचकर 19 .55 बजे छूटेगी। इसी प्रकार वापसी यात्रा में टनकपुर से 28 फरवरी से चलने वाली 15092 टनकपुर–दौराई एक्सप्रेस डाबला स्टेशन पर 08 .07 बजे पहुंचकर 08 .09 बजे छूटेगी।



### टनकपुर-अछनेरा विशेष गाड़ी का संचलन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** 05062/05061 टनकपुर–अछनेरा–टनकपुर विशेष गाड़ी के संचलन का अवधि विस्तार 01 से 31 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार, शुक्रवार, रविवार, सोमवार एवं मंगलवार को किया जायेगा। इस गाड़ी में साधारण द्वितीय श्रेणी के 13, वातानुकूलित कुर्सीयान के 02 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 17 कोच लगाये जायेंगे। शेष सूचनाएं पूर्ववत रहेंगी।

## 21 किलो अफीम के पौधों के साथ गिरफ्तार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध अफीम की खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 21 किलोग्राम अफीम के हरे पौधे बरामद किए हैं। धर्मसिंहवा थानाध्यक्ष अमित कुशवाहा ने बताया कि सूचना के आधार पर ग्राम मेंहदूपार में पुलिस टीम ने दबिश दी। छापेमारी के दौरान आरोपी अब्दुल कलाम को उसके घर के पास स्थित खेत से गिरफ्तार किया गया। खेत की बाउंड्री के पास बनी क्यारी में अफीम के पौधे लगे पाए गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया है।

# विदेशी जोड़े ने गंगा की लहरों के बीच रचाई शादी, नाव पर सजे मंडप में लिए सात फेरे



**वाराणसी, अमृत विचार।** काशी में सनातनी परंपरानुसार मंगलवार को एक विदेशी जोड़े ने शादी रचाई। अस्सी घाट पर गंगा की बीच धारा में वैदिक विधि-विधान से विवाह हुआ। गंगा की धारा में नाव पर सजी मंडप में जोड़े ने सात फेरे लिए। वैदिक मंत्रोच्चार और शास्त्रोक्त परंपराओं विवाह की रस्में निभाई गईं।

मेक्सिको सिटी निवासी रुईज कब्रोल और गोंजालो मिगुल लंबे समय से भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं से प्रभावित थे। उन्होंने अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत काशी में करने का निर्णय लिया। आचार्य दीपक पांडेय ने शादी करवाई। दूल्हा-दुल्हन पारंपरिक भारतीय परिधान में नजर आए। दूल्हा धोती-कुर्ता और दुल्हन लाल बनारसी साड़ी धारण की थी। इस अनोखी शादी को देखने के लिए घाट पर भ्रमण करने पहुंचे पर्यटकों की भीड़ रही। सभी अपने कैमरे और मोबाइल में इस पल को कैद करने में लगे थे।

## विकास कार्यों में मिलीं गड़बड़ियां एडीओ पंचायत ने जताई नाराजगी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सहायक जिला पंचायत विकास अधिकारी (एडीओ पंचायत) ने गांव में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई खामियां पाई गई है। ग्राम सचिव पर नाराजगी जताते हुए सम्बन्धित को कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। विकास खण्ड बढ़नी के बैरिहवा निवासी सारिक ने बढ़नी ब्लाक के ग्रामसभा मलगहिया के टोला मिश्रौलिया में हुए विकास कार्यों कि शिकायत उच्च अधिकारियों से की थी। जिस पर एडीओ पंचायत नित्यानन्द ने ग्राम पंचायत सचिव संजय कुमार के साथ मिश्रौलिया में सीसी निर्माण कार्य, पुलिया पाइप, सीसी रिपेयरिंग के गुणवत्ता का जांच किया। एडीओ पंचायत ने बताया कि पूर्व में कराये गये विकास कार्यों में अनियमितता मिली है। ग्राम पंचायत सचिव संजय कुमार ने लिखित रूप से एस्टीमेट देने का दो दिन का समय मांगा है। एस्टीमेट मिलने के बाद में जरूरी होगा तो दोबारा जांच करके जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। ग्राम पंचायत विभाग के विकास खण्ड की जेई रेनू वर्मा ने बताया कि एस्टीमेट और एमबी दोनों नहीं हुआ है, उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया है।

# सुनील सिंह अध्यक्ष व विजय बने महामंत्री

संवाददाता कुशीनगर।




नवनिर्वाचित टीम के साथ पदाधिकारी एवं शिक्षक गण।

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लॉक इकाई हाटा का निर्वाचन बुधवार को संपन्न हुआ। सुनील सिंह को अध्यक्ष और विजय कन्नौजिया को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही धीरज मिश्रा को कोषाध्यक्ष, आदित्य चौहान एवं राजेंद्र सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और आलोक पाण्डेय को संगठन मंत्री चुना गया। संरक्षक अरुण मणि त्रिपाठी व प्रमोद राव बनाये गये। संगठन की मजबूती के लिए महिला प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया, जिसमें कल्पना ओझा को अध्यक्षा, आरती मिश्रा को महामंत्री, ज्योति गुप्ता को उपाध्यक्ष, नीतू चौहान को संगठन मंत्री और प्रतिभा मिश्रा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लॉक इकाई हाटा की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

इस अवसर पर गोरखपुर मण्डल अध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल, मण्डल अध्यक्ष राजेश तिवारी, जिलाध्यक्ष अविनाश शुक्ल, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप सिंह, जिला उपाध्यक्ष अमिताभ त्रिपाठी और जिला संगठन मंत्री महेश कर्णधार विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और आशा व्यक्त की कि नई टीम शिक्षक हितों और शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करेगी।

## कांग्रेस ने डीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती एवं उनके शिष्यों के साथ कथित रूप से हुई अभद्रता, उत्पीड़न तथा हाल ही में दर्ज कराई गई एफआईआर के विरोध में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष काजी सुहेल अहमद के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

वहीं प्रेषित ज्ञापन में कुम्भ मेले के दौरान मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर शंकराचार्य जी एवं उनके साथ आये सन्त-शिष्यों को स्नान से रोके जाने तथा बटुकों के साथ कथित दुर्व्यवहार की घटना एवं शंकराचार्य जी एवं उनके शिष्यों के विरुद्ध यौन शोषण के आरोप में एफआईआर दर्ज किये जाने सहित पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की गई है। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी धर्मों एवं आध्यात्मिक परम्पराओं का सम्मान सर्वोपरि है। यदि किसी सन्त या धार्मिक संस्था के साथ अन्याय हुआ है तो उसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

आयोजन

**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ शुभारंभ**

# संवेदना, परंपरा व आत्मीयता से जुड़े हैं भारत–नेपाल संबंध

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में कुलपति प्रोफेसर कविता शाह के मार्गदर्शन में हिंदुस्तानी अकादमी उत्तर प्रदेश, प्रयागराज तथा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'भारत-नेपाल संबंधों का हिंदी भाषा एवं साहित्य पर प्रभाव' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में विभिन्न विद्वानों द्वारा प्रस्तुत शोधपत्रों के संकलन पर आधारित संपादित पुस्तक 'भारत-नेपाल सम्बन्ध : हिन्दी भाषा, साहित्य एवं विविध आयाम' का विमोचन भी मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। इस पुस्तक के संपादक प्रोफेसर सत्येंद्र कुमार दुबे हैं।

उद्घाटन अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिष्ठित साहित्यकार एवं दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व आचार्य प्रोफेसर रामदेव शुक्ल ने कहा कि भारत-नेपाल संबंध मात्र राजनीतिक संबंध नहीं, अपितु संवेदना, परंपरा और आत्मीयता से जुड़े हुए हैं। राजनीतिक अस्थिरता या गतिरोध कभी-कभी प्रभाव डाल सकते हैं, परंतु दोनों देशों की मैत्री का आधार मानवीय संबंधों में निहित है, जो अटूट और अविच्छिन्न हैं।

कहा कि भारत और नेपाल का रिश्ता 'रेत के टीले ' की भांति है, जिसके एक एक कण मिलकर एक मजबूत स्तम्भ का निर्माण करता है। धर्म, संस्कार और सांस्कृतिक परंपराएँ दोनों देशों को अभिन्न रूप से जोड़ती हैं। संकल्प मंत्र के उच्चारण से लेकर लोकजीवन की परंपराओं तक भारत और नेपाल की साझी विरासत स्पष्ट दिखाई देती है। उन्होंने यह भी कहा कि यद्यपि चीन प्रारंभ से नेपाल को अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास करता रहा है, परंतु भारत ने सदैव नेपाल के संरचनात्मक विकास और सहयोग को प्राथमिकता दी है। वर्तमान समय में भी मानवीय और संवेदनशील दृष्टिकोण से भारत का सहयोग नेपाल संबंधों को और सुदृढ़ करेगा। उन्होंने शिक्षण संस्थानों, विशेषकर सीमावर्ती क्षेत्रों में साहित्य और लोकगीतों पर शोध को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री प्रोफेसर सतीश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि नेपाल का विकास सदैव भारत की चिंतनधारा के केंद्र में रहा है।

# चुनाव के चलते इंडो–नेपाल सीमा सील

**ककरहवा,सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** नेपाल में प्रस्तावित चुनाव के मद्देनज़र भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। भारत-नेपाल सीमा के अंतर्गत आने वाले सीमावर्ती क्षेत्रों में 2 मार्च से 5 मार्च तक बॉर्डर सील रहेंगे । इस दौरान दोनों देशों के नागरिकों का सीमा पर आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। नेपाल के रुपनदेही जिला प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक पत्र में स्पष्ट किया है। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक सीमा सील रहेगी और किसी भी प्रकार की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी। सिर्फ आपातकलीन सेवाओं से जुड़े मामलों एम्बुलेंस, शव वाहन, एंव मेडिकल से जुड़े हुए जरूरी वाहनों के सीमा से आने जाने की अनुमति दी जायेगी। प्रशासन ने यह भी बताया कि चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं। सीमा क्षेत्रों में नेपाली सेना के जवानों के साथ अतिरिक्त नेपाली पुलिस बल की तैनाती की गई है वहीं भारतीय सुरक्षा एजेंसियां भी बॉर्डर पर मुस्तैद है। संवेदनशील और अति संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों सहित बॉर्डर पर स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बलों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।



सीमा पर वाहनों की जांच करती पुलिस व एसएसबी की टीम।

- 2 से 5 मार्च तक आवागमन रहेगा बंद

